# शारदीय नवरात्र : भक्तिभाव से पूजी गयीं मां कुष्मांडा

## चौथे दिन मंदिरों में गूंजा घंटा घड़ियाल, दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही कतारबद्ध रहे श्रद्धालु

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को देवी कूष्मांडा की श्रद्धा के साथ आराधना की गई। सुबह से ही मंदिरों में घंटा घड़ियाल गूंजने लगे। हवन-पूजन के बाद पंडालों में पूजन का दौर जारी रहा। शीतला चौकिया धाम और मैहर मंदिर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही लोग कतारबद्ध होने लगे थे। चारों ओर माता के जयकारे गूंजते रहे। आदि शक्ति के दर्शन के लिए देवी मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ा। नवरात्र भगवती दुर्गा की आराधना का सर्वोत्तम पवित्र अवसर होती है। नौ दिन मां भगवती के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। श्रद्धालु भगवती के रूप को पूजकर कृतार्थ होते हैं। गुरूवार को




नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने अपने परिवार वालों के साथ देवी कूष्मांडा की पूजा की गई। दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। भोर से ही शहर के देवी मंदिरों मां शीतला चौकिया धाम, मैहर देवी, विसर्जन घाट स्थित नवदुर्गा मंदिर, सिटी स्टेशन स्थित काली मां मंदिर में दिनभर पूजन-अर्चन का सिलसिला जारी रहा। शाम होते ही पूजा पंडालों में पुरोहितों ने हवन-पूजन के बाद देवी प्रतिमाओं के पट खोल दिए। इसके साथ ही देवी के जयकारे गूंज उठा। शहर में दुर्गा पूजा समितियों द्वारा पंडालों में दुर्गा का भव्य व आकर्षण प्रतिमा स्थापित की गई है। सभी समिति समेत नगर मां के जयकारो से देर रात तक गूंज रहा हैं।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं-बच्चियों को बताये सुरक्षा के उपाय

बरसठी। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत बरसठी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीम ने बुधवार को क्षेत्र के रायपुर गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी,टीम ने पुलिस सहायता 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। साथ ही विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास और मातृ वंदना योजना के बारे में बताया। उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

# बयालसी इंटर कालेज में निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन

जलालपुर। बयालसी इंटर कॉलेज, जलालपुर में बुधवार को प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत मल्टीपरपज हॉल, पुस्तकालय एवं दो अतिरिक्त शिक्षण कक्षों के निर्माण के लिए विधिवत पूजा-पाठ के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक श्री देवानन्द सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश शासन की इस योजना के तहत माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए अनुदान दिया जाता है। स्वीकृत निर्माण कार्यों में 75 प्रतिशत धनराशि शासन तथा 25 प्रतिशत विद्यालय प्रबंध तंत्र द्वारा वहन की जाएगी। प्रबंधक देवानन्द सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन ने अपने निजी स्रोतों से 25 प्रतिशत धनराशि की व्यवस्था कर शासन से शेष 75 प्रतिशत अनुदान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने इसके लिए विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के अभिभावकों के प्रति



आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में लगभग 3000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अतिरिक्त शिक्षण कक्षों की आवश्यकता थी। वहीं, विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मल्टीपरपज हॉल और विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए पुस्तकालय की भी जरूरत महसूस की जा रही थी। प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, कृष्ण पाल सिंह, विनय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, चंद्रमणि यादव, सत्यप्रकाश सिंह, मिथिलेश, गौरवप्रदीप सिन्हा, सत्यनारायण पटेल, नीलू विश्वकर्मा, सिंधु यादव, पाल सरिता, संतोष सोनकर, कमल नयन यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक-स्नातक खंड चुनाव में सपा ने आलोक यादव को बनाया जौनपुर का प्रभारी

### अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश नेतृत्व ने बनाया प्रभारी, पार्टी में हर्ष

खेतासराय। समाजवादी पार्टी ने शिक्षक-स्नातक खंड चुनाव को लेकर संगठन को सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में खेतासराय क्षेत्र के जमदहा गांव निवासी सपा छात्र सभा के प्रदेश सचिव आलोक कुमार यादव को जौनपुर का प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल और छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष है। संगठन की ओर से जारी सूची में आलोक यादव को शिक्षक-स्नातक खंड चुनाव के लिए जौनपुर की जिम्मेदारी दी गई है। उनके सामने चुनाव से जुड़ी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और पार्टी के निर्देशों के अनुरूप कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने की



जिम्मेदारी होगी। नई जिम्मेदारी मिलने पर आलोक ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इससे पहले पार्टी में उन्हें वाराणसी में छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के प्रभारी बनाया था। उनकी नियुक्ति पर सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व विधायक अरशद खान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामई, वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले, गजराज यादव और आरिफ हबीब ने ख़ुशी जताई है।

# महिलाओं के प्रति सुरक्षित, सम्मानजनक वातावरण बनाना सभी की जिम्मेदारी-वंशिका

मड़ियाहूं। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जौनपुर विभाग के मछलीशहर ज़िला द्वारा संघ शताब्दी वर्ष से संदर्भित तेजशा युवती सम्मेलन का आयोजन क्षेत्र के जंगी सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज बेलवा मड़ियाहूं में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ प्रांत प्रवासी के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वंशिका शुक्ला, मुख्य अतिथि चित्रा सिंह, कार्यक्रम सयोंजक अनन्या मिश्रा, कॉलेज के संचालक देव नारायण पांडेय ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पार्चान एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। युवतियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चित्रा सिंह ने कहा कि आज का भारत अपने युवा शक्ति से नयी अपेक्षायें रखता है और इस युवा शक्ति में युवतियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता वंशिका शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रा कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, विद्यार्थी जीवन में नेतृत्व विकसित करना, सैक्षणिक विषयों पर संवाद करना सामाजिक समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना और राष्ट्रहित के प्रश्नों पर विचार करना भी महत्वपूर्ण है। जब छात्राये किसी सैक्षणिक समस्याओं को उठाती है, तो वे अपने अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूकता का परिचय देती है। जब वे सामाजिक कुरूतियो के विरुद्ध आवाज़ उठाती हैं तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की संभावना पैदा करती है। छोटे छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की शुरुआत कर सकते है। इसलिए सभी युवतियों को बढ़ चढ़ के आगे आना होगा और यह विकसित भारत बिना युवतियों के योगदान के संभव नहीं है। पंच परिवर्तन विषय पर संबोधित करते हुए पूर्व विभाग संगठन मंत्री डॉ. राजेश पांडेय ने कहा कि पंच परिवर्तन का उद्देश्य समाज और राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव लाकर एक सशक्त, समरस एवं संस्कारवान भारत का निर्माण करना है। इसके पाँच प्रमुख आयाम हैं




सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का भाव और नागरिक कर्तव्य। सामाजिक समरसता से समाज में भेदभाव समाप्त कर समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देना, कुटुंब प्रबोधन से परिवार में संस्कार एवं संवाद को मजबूत करना, पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जल, जंगल, जमीन और जीवों की रक्षा करना, स्वदेशी के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन करना इसका मूल उद्देश्य है। इन पाँच आयामों को जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। कॉलेज के संचालक नें सभी का धन्यवाद करते हुवे पुनः ऐसे कार्यक्रम करने का आग्रह किया उन्होंने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों में संस्कार, राष्ट्रवाद की भावना उत्पन्न करने का कार्य कर रही है, जीवन में आत्मसंयम, समयबद्धता, मर्यादा और जिम्मेदारी का पालन करना। अनुशासन युवतियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण विकसित करता है। अनुशासित युवतियाँ अपने व्यक्तित्व को निखारकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का संचालन अनन्या मिश्रा नें किया इस दौरान राजेश पाण्डेय, विभाग संगठन मंत्री अश्वनी कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री वैभव पाण्डेय, कन्हैया पाल, सृष्टि उपाध्याय, ऋचा आदि लोग उपस्थित रहे।

# एक नज़र इधर भी

## फर्जी अधिवक्ताओं को चिह्नित करने के लिए चला अभियान

**अभियान के पहले दिन १२ फर्जी अधिवक्ता चिन्हित**

मछलीशहर। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री ने बुधवार को तहसील परिसर में फर्जी अधिवक्ताओं को चिह्नित करने के लिए अभियान चलाया। अभियान के पहले दिन 12 फर्जी अधिवक्ताओं को चिह्नित किया गया और उनको अल्टीमेटम दिया गया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और महामंत्री आलोक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि तहसील परिसर में कई दर्जन अधिवक्ता काली कोट पहनकर जनता एवं वादकारियों को गुमराह कर रहे हैं और अवैध वसूली कर रहे हैं। जबकि इनके पास न तो कोई डिग्री है न ही तहसील में पंजीकृत ही हैं। ऐसे अधिवक्ताओं को अल्टीमेटम दिया कि अविलंब परिसर छोड़ दें और भोली भाली जनता को गुमराह न करें। यह अभियान अनवरत जारी रहेगा और फर्जी अधिवक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

## लड़की के भगाने का आरोप, युवक के खिलाफ मुकदमा

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक पिता ने पड़ोसी गाँव के एक युवक पर अपनी पुत्री भगाने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मछलीशहर जंघई मार्ग पर एक गाँव निवासी पिता ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री मछलीशहर में एक पार्लर में रोज ब्यूटिशियन का कोर्स सीखने आती थी। 3 अक्टूबर को भी वह रोज की भाँति वह कोर्स सीखने गई थी। वापस लौटी तो उसने बताया कि मेरे बगल गांव बंधवा थाना मीरगंज निवासी अदनान शेख पुत्र मुस्सन शेख उसके साथ बत्तमीजी और गाली गलौच दिया था। दूसरे दिन मेरी बेटी कोर्स सीखने गई। वापस नहीं लौटी मैने पार्लर में फोन किया तो बताया गया कि वहां से निकल चुकी थी। मैने तब उसकी काफी खोजबीन की किंतु कही कुछ पता नहीं चला। जिस दिन से मेरी बेटी गायब है, उसी दिन से अदनान भी गायब है। उसका मोबाइल बंद आ रहा है। मुझे लगता है अदनान मेरी बेटी के साथ कोई अनहोनी न कर दे। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

## दुर्गा पूजा महासमिति के नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन आज

केराकत। श्री दुर्गा पूजा महासमिति के नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन आज गुरुवार को एस डी एम अखिलेश कुमार सिंह करेंगे, उक्त जानकारी देते हुए महा समिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर गांगुली एडवोकेट ने बताया कि इस वर्ष नियंत्रण कक्ष का स्थान बदल दिया गया है। नया स्थान तहसीलदार आवास प्रांगण में स्थित श्री दुर्गा जी मंदिर है। आपके अनुसार कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक गिरेंद्र सिंह व अध्यक्ष नगर पंचायत ज्योति कृष्णा जयसवाल होंगे।

## दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा

पवांरा। पुरानी रंजिश को लेकर वृद्ध महिला को मारने-पीटने पर पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थानाक्षेत्र के कुड़रिया गांव निवासी चनरा देवी पत्नी रामचन्द्र पटेल ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर जानकी देवी व निर्मला देवी ने उसको भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लात-घूंसों से मारेपीटे तथा जान से मारने की धमकी दिये। मारने-पीटने से उसको ज्यादा चोटे आयी हैं। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराकर एवं उसकी तहरीर के आधार पर दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दुर्गा पूजा पंडालों में अजय शंकर दुबे का तूफानी दौरा

मुंगराबादशाहपुर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में आस्था और जनसंपर्क का सिलसिला तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के भाजपा नेता अजय शंकर दुबे अज्जू ने क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का तूफानी दौरा कर मां दुर्गा के दरबार में मत्था टेका और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। अजय शंकर दुबे अज्जू ने अपने इस दौरे के दौरान भीखपुर, पुरऊपुर, पाण्डेयपुर, कोदहूँ, लौह, जंघई, बभनियाँव, असवा सेमरी, गोपालापुर, गोधना, मोलनापुर, करौर, रखौली सराय रुस्तम सहित दर्जनों गांवों का सघन दौरा किया। इन सभी स्थानों पर पहुंचकर उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। दुर्गा पंडालों में पहुंचने पर स्थानीय समितियों और क्षेत्रवासियों द्वारा अजय शंकर दुबे का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने आमजन से मिलकर उनका हालचाल जाना और सभी को दुर्गा पूजा व आगामी पर्वों की शुभकामनाएं दीं। इस तूफानी दौरे से क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में सरगर्मी काफी बढ़ गई है।



# ड्रोन संचालन से जुड़े कानूनी प्रावधान पर चर्चा

### पीयू में ड्रोन बूटकैंप का तीसरा दिन संपन्न

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सी-डैक, नोएडा के सहयोग से



आयोजित पांच दिवसीय मानव रहित विमान प्रणाली एवं उसका उपयोग बूटकैंप का तीसरा दिन ज्ञानवर्धक एवं प्रायोगिक गतिविधियों से भरपूर रहा। बूटकैंप में विद्यार्थियों ने ड्रोन नियमन, सेंसर तकनीक, लिडार तकनीक तथा ड्रोन असेंबली का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कार्यशाला स्थल का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किए जा रहे तकनीकी कौशल की सराहना की। बूटकैंप में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह देखकर उन्होंने आयोजक टीम को भी बधाई दी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सी-डैक, नोएडा की वैज्ञानिक-एफ डॉ. कल्पना जौहरी ने ड्रोन रूल्स एंड रेगुलेशंस पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने भारत में ड्रोन संचालन से जुड़े कानूनी प्रावधान, उड़ान सुरक्षा, पंजीकरण एवं जिम्मेदार दूसरे सत्र में सी-डैक की विद्यार्थियों को उद्योग की समकालीन आवश्यकताओं और ड्रोन तकनीक के व्यावहारिक उपयोगों से रूबरू कराया गया। प्रायोगिक सत्र में विद्यार्थियों ने स्वयं ड्रोन के विभिन्न घटकों को जोड़ना अर्थात असेंबल करना सीखा। इस अभ्यास ने उनके तकनीकी आत्मविश्वास, समस्या-समाधान कौशल और विज्ञान के प्रति रुचि को और मजबूत किया। इस आयोजन को सफल बनाने में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षकों एवं सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महिला की पिटाई, तीन पर मुकदमा

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जमुहर गांव निवासी सुशीला देवी ने आरोप लगाया कि मंगलवार शाम वह अपनी बैनामे की जमीन की साफ सफाई कर रही थीं, तभी पड़ोस की तीन महिलाओं ने गाली-गलौज कर मारपीट की। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोप है कि सत्ता देवी, प्रमिला और दुलारी देवी ने फरुहा छीनकर बाल खींचकर मारा। बीच-बचाव करने आई देवरानी और चाची को भी डंडे से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि घटना का वीडियो भी बनाया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पशु चिकित्सा शिविर में बीमार पशुओं का हुआ उपचार, दवाओं का वितरण

मुफ्तीगंज। स्थानीय ब्लॉक के घुरहूपुर गांव में कुमुदेश्वर नाथ तिवारी के बगीचे में बुधवार की सुबह पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में पशु चिकित्सा टीम ने विपिन तिवारी के हाथों गौपूजन के बाद शिविर की शुरुआत की। इसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया। शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालकों को पशुओं के बीमा, लंपी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण तथा मुख्यमंत्री सहभागिता पशुपालन से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पशुओं की नियमित देखभाल करने, समय पर टीकाकरण कराने और बीमार होने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। शिविर के दौरान लगभग एक दर्जन पशुओं का बांझपन का इलाज, 17 बीमार पशुओं का उपचार और 11 पशुओं का बंध्याकरण किया गया। इसके साथ ही 15 पशुओं की गर्भ जांच की गई तथा कृमिनाशक दवा मिनरल मिक्चर कैल्शियम आदि दवाओं का वितरण किया गया। पशुपालकों को पशुओं को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रखने के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग की ओर से जोगेश्वर प्रकाश, अनिल राय, महेंद्र यादव और लाल बहादुर तिवारी सहित जनार्दन प्रसाद तिवारी, रमेश तिवारी, बिलखावन मनिका यादव राम दुलार यादव और करिया समेत सैकड़ों पशुपालक उपस्थित रहे।

# विवाहिता की हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप

**पति सास-ससुर, ननद, अन्य पर मुकदमा दर्ज**

जफराबाद। क्षेत्र के हौज नवाबाद गांव में मंगलवार की देर रात को एक विवाहिता का शव फाँसी के फंदे पर लटकता मिला। मृतका के पिता ने दहेज के लिए ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा हत्या कर शव को फाँसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। क्षेत्र के ही कादीपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण की पुत्री शशिबाला की शादी कुछ वर्ष पूर्व उक्त गांव निवासी दुर्गेश पुत्र राजपत के साथ हुई थी। लक्ष्मी नारायण ने आरोप लगाया कि शादी में उसने एक लाख नगद, सोने की चैन, अंगूठी सहित अन्य गृहस्थी का सामान दहेज में दिया था। समय के साथ शशिबाला को एक पुत्र भी पैदा हुआ जो इस समय दो वर्ष का है। शादी के बाद से ही पति, सास ससुर व ननद आदि दहेज से संतुष्ट नही थे। वह लोग लगातार बुलेट मांग रहे थे। इसके साथ ही बुलेट न देने पर शशिबाला को जान से मार देने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मंगलवार की रात को मुझे फोन कर करके मेरे समधी ने बताया कि शशिबाला ने आत्महत्या कर लिया है। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मायके पक्ष के लोग शशिबाला के घर पहुंचे। वहां से पुलिस को जानकारी दी गयी। घटना की सूचना पर जलालपुर थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह, एसआई सुजीत ओझा के साथ मय फोर्स मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता लक्ष्मी नारायण ने पुलिस को तहरीर दिया। थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर शशिबाला के पति, सास-ससुर,ननद सहित कुछ रिश्तेदारों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



# श्री दुर्गा पूजा महासमिति के ४८वें नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन



जौनपुर। जनपद की समस्त मां दुर्गा पूजन समितियां की एकीकृत संगठनात्मक शक्ति की केंद्रीय कमेटी श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर के 48 वें नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन समारोह 13 अक्टूबर 2026 मंगलवार को सायंकाल का ८ः00 बजे से नगर के कोतवाली चौराहा हनुमान मंदिर के सामने आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपॉर्चुनिटी अधिकारी अजय अम्बष्ट एंव विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनंत चंद्रशेखर व क्षेत्राधिकार नगर सम्यक चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। तदोपरांत माता दुर्गा जी के समक्ष पूजन- अर्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रारम्भ मे भजन गायक रविंद्र सिंह, गुलाब राही आदि ने सुन्दर भजन की प्रस्तुति किया। इस मौके पर महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल द्वारा मंचासीन अतिथियों को माल्यार्पण कर व मां की चुनरी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर निर्णायक मण्डल सदस्य देवेश गुप्ता, वंशिका सिंह, विष्णु सहाय, गायत्री जायसवाल, डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह, सीमा चक्रवाल एंव प्रदीप सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ मुख्य अतिथि सी. आर. ओ. अजय अम्बष्ट जी ने दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल ने किया। कार्यक्रम में सभी का स्वागत व अभिन्नदन महासचिव मनीष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि श्री दुर्गा पूजा महासमिति के संघटनात्मक व्यवस्था व दुर्गा पूजा आयोजन मे महासमिति के महत्व का उल्लेख करते हुए पवित्र विसजर्न के लिए महासमिति के सुक्षाव पर सुन्दर, सुरक्षित व विसर्जन मे उत्कृष्ट व्यवस्था का आश्वासन दिया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने पर्याप्त सुरक्षाबल उपलब्ध कराने एंव महासमिति के सुझाव पर यातायात नियंत्रण व सुरक्षा सुदृढ करने का आश्वासन कार्यक्रम मे दिया। कार्यक्रम मे अपने अध्यक्षीय उद्बोधन को देते हुए अध्यक्ष मनीष देव मंगल ने कहा अभी तक प्रशासन, नगर पालिका, बिजली विभाग, जल निगम, पी. डब्लू. डी. का अपेक्षित सहयोग मिला साथ ही साथ उन्होंन पूजन समितियों को आश्वास्त किया की किसी भी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा आगे उन्होंन ने कहा की विजय दशमी के दिन पूरी भव्यता के साथ मां प्रतिमा विसर्जन शोभायत्रा के आयोजन के साथ शक्ति विसर्जन कुंड मे पूरी पवित्रता के विसर्जित किया जाएगा। सभा को संरक्षक इंद्रभान सिंह इन्दू संतोष सिंह, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल यादव और अनिल अस्थाना के साथ आरिफ हबीब ने संबोधित किया। कार्यक्रम में 50 वर्ष पूर्ण कर चुकी पूजन समिति गीतांजली जौनपुर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अन्य गणमान्य व्यक्ति के अतिरिक्त कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी महासमिति के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया।

# ज्वेलर्स एंड वस्त्रालय की दुकान का ताला तोड़ चोरी का प्रयास

धर्मापुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर पोखर के पास बीती रात चोरों ने ख़ुशी ज्वेलर्स एंड वस्त्रालय की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि, दुकान में रखे लॉकर को तोड़ने में चोर सफल नहीं हो सके। इसी दौरान गश्त कर रही पुलिस के हूटर की आवाज सुनकर चोर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, धर्मापुर गांव निवासी शिवधनी यादव की धर्मापुर पोखर के पास ज्वेलर्स एंड वस्त्रालय की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर चोरी का प्रयास किया। बताया जाता है कि उसी समय पुलिस की गश्ती गाड़ी का हूटर सुनाई देने पर चोर भाग निकले। सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना दुकान स्वामी को दी। मौके पर पहुंचे शिवधनी यादव ने दुकान की जांच की। उन्होंने बताया कि चोर दुकान में रखे लॉकर को तोड़ नहीं पाए। हालांकि, उनके अनुसार दुकान से दो-चार साड़ियां गायब हैं। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया। घटना की सूचना गौराबादशाहपुर पुलिस को दे दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी।

# योजनाओं का लाभ, विवादों का पंचायत स्तर पर हो समाधान-धनंजय

**कलवारी में नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण**

सिकरारा। क्षेत्र के कलवारी गांव में नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने, ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने और पात्र लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने पंचायतों को गांव के विकास की मजबूत इकाई बताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होने से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों से कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, शौचालय निर्माण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। ग्राम पंचायतें यदि अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें तो गांवों में विकास कार्यों को गति मिलने के साथ ही ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने पंचायत भवन को ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और विकास कार्यों के बेहतर संचालन का महत्वपूर्ण केंद्र बनाने पर बल दिया। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर गांवों को विकास के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता जताई। लोकार्पण के बाद पूर्व सांसद ने पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी पवन कुमार प्रजापति, एडीओ पंचायत नवीन यादव, ग्रामप्रधान जवाहर लाल गौतम, सचिव अमरेंद्र सिंह, प्रदीपशंकर श्रीवास्तव और राजकुमार पांडेय ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामचरित्र निषाद ने की, जबकि संचालन एडीओ कोऑपरेटिव ब्रह्मजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर दीनानाथ सिंह, संजय उपाध्याय, नरसिंह गौतम, सभाजीत मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम में रंगोलियों से उभरी विकसित भारत की तस्वीर

### राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, रंगोलियों की सराहना की

जौनपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को तिलकधारी पीजी कॉलेज, जौनपुर में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिजिटल इंडिया, वंदे भारत, अंतरिक्ष में भारत और स्वस्थ भारत सहित विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं। राज्यमंत्री ने रंगोलियों का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि रंगोलियों के माध्यम से भारत की विविधता में एकता, राष्ट्रीय एकजुटता और विकसित भारत की



परिकल्पना को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इनमें मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाकर देश की प्रगति और समृद्धि का संदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य जनभागीदारी के जरिए सेवा की भावना को मजबूत करना और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम का संचालन नुपुर श्रीवास्तव ने किया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों में भी 'विकसित भारत-2047' की थीम पर रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मड़ियाहूं, बरसठी, रामपुर, खुटहन, मछलीशहर और रामनगर समेत अन्य विकासखंडों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, महिला सशक्तीकरण और समृद्ध गांव जैसे विषयों पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं।